# पाबो पौड़ी गढ़वाल

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# प्राचार्य की कलम से



पतितोद्धारिणि जाह्नवि गंगे खण्डित गिरिवरमण्डित गंगे।
भीष्मजननि हे मुनिवर कन्ये! पतितनिवारिणि त्रिभुवन धन्ये।।

(हे पतितजनों का उद्धार करने वाली जह्नुकुमारी गंगे!
तुम्हारी तरंगें गिरिराज हिमालय को खण्डित करके बहती हुई सुशोभित होती है।
तुम भीष्म की जननी और जह्नु मुनि की कन्या हो।
पतितपावनी होने के कारण तुम त्रिभुवन में धन्य हो।)

गंगा नदी प्राचीन काल से ही विभिन्न संस्कृतियों का केन्द्र रही है। उचित सुरक्षा के अभाव में समय के साथ–साथ इसकी शुद्धता भी प्रभावित हुई है। अनेक सहायक नदियाँ गंगा में मिलती हैं इसलिए उन्हें अनाविल, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की महती आवश्यकता है। ताकि माँ गंगा की अनाविलता और अविरल प्रवाहमयता बनी रहे। यह तभी सम्भव होगा जब इन नदियों की स्वच्छता के लक्ष्य को जनान्दोलन का स्वरूप दिया जाए। यह आनन्दमिश्रित सन्तोष की बात है कि 'नमामि गंगे' कार्यक्रम के द्वारा न केवल जन जागरूक हो रहे हैं अपितु वे भी पावन सरिताओं को पुनीत और अविरल बनाने के यज्ञ में अपनी आहुतियाँ भी डाल रहे हैं। यह अत्यन्त गौरव का विषय है कि महाविद्यालय एवं निकटवर्ती विद्यालयों के विद्यार्थी एवं प्राध्यापकों द्वारा स्थानीय जनता के साथ मिलकर जब साफ–सफाई का अभियान चलाया जाता है तब सब में न केवल स्वच्छता का भाव जाग्रत होता है अपितु उनमें गंगा एवं सहायक नदियों के प्रति आस्था एवं पवित्रता का भाव भी दृढ़ होता है और वे इस पुनीत कार्य को अपनी जिम्मेदारी समझने लगते हैं। इस जागरण–आन्दोलन के संचालन में माननीय उच्च शिक्षा मन्त्री एवं स्थानीय विधायक डॉ. धन सिंह रावत के प्रेरणाप्रद विचार ऊर्जा का संचार करते हैं। एतदर्थ महाविद्यालय परिवार आभार व्यक्त करता है।

मुझे विश्वास है कि यह स्मारिका हमारे विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को इस जनान्दोलन हेतु और अधिक प्रेरित करेगी।

**(प्रोफे० (डॉ०) सत्य प्रकाश शर्मा)**
**प्राचार्य**
**राजकीय महाविद्यालय पाबौ,**
**पौड़ी गढवाल (उत्तराखण्ड)**

# नोडल की कलम से



भारत सरकार के ध्वजवाहक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे के बदलते स्वरूप, व्यापकता , जन– मानस की भागीदारी, पर्यावरण संतुलन के प्रति संचेतना जैसे चुनोतीपूर्ण कार्यों को निर्वहन कर स्वच्छ भारत मिशन का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई0ई0सी0) साधनों के माध्यम से क्षेत्र में व्यापक स्तर पर जन–जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहें है। इस कार्य में क्षेत्र के जन–समुदाय, क्षेत्र – प्रतिनिधियों एवं व्यापार समुदाय का अमूल्य सहयोग प्राप्त हुआ है।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा लगातार द्वितीय वर्ष भारत सरकार के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में निकटतम महाविद्यालय, विद्यालयों के छात्र– छात्राओं, आध्यापकों, कर्मचारियो, जन–प्रतिनिधियों के सक्रिय भागीदारी से इस सत्र में नमामि गंगे के बैनर तले विभिन्न गतिविधियों का रचनात्मक तरीके से आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उदेश्य गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की निर्मलता एवं पवित्रता को जीवित रखने हेतु जन– जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

महाविद्यालय के द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत आस– पास के ग्राम– सभाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, पर्यावरण जागरूकता संगोष्ठी इत्यादि कार्यक्रम समय समय पर आयोजित किये जा रहें है। इसके अतिरिक्त पाबौ क्षेत्र मे गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की स्वच्छ्ता के प्रति जागरूकता लाने हेतु गंगा आरती, गंगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम, नदी तटों की सफाई, स्वच्छता जागरूकता रैली एवं हिमालयी पर्वत श्रृखलाओं के संतुलन हेतु प्रतियोगितायें भी आयोजित की जा रही है।

इस कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु क्षेत्र के सम्मानित जन–प्रतिनिधियों, सदस्यों, महाविद्यालय एवं विद्यालय के अध्यापकगण, क्षेत्र के व्यापारीगण एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगणों का महाविद्यालय परिवार की और से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। इसके साथ ही उक्त कार्यक्रम को संचालित करने हेतु समय समय पर अपना मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एन0एम0सी0जी0), जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार तथा परियोजना प्रबंधन ग्रुप (एस0पी0एम0जी0) नमामि गंगे देहरादून उत्तराखंड द्वारा दिशानिर्देश और मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु आभार व्यक्त करता हूँ।

इस पत्रिका के माध्यम से मेरा सभी से अपील है कि भारत सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में अपनी भागीदारी देकर गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को पुनर्जीवित करने में अपनी जिम्मेदारियों का भली– भांति निर्वहन करेंगें।

**डॉ मुकेश शाह**
**नोडल अधिकारी, नमामि गंगे**
**राजकीय महाविद्यालय पाबौ,**
**पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)**

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# गंगा उत्सव




- दिनांक 4 नवम्बर को गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के ऐतिहासिक दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल द्वारा विधिवत रूप से गंगा आरती, दीपोत्सव/दीपदान और गंगा की अविरल स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- महाविद्यालय के सभागार में छात्रों द्वारा पावन एवं पवित्र नायर नदी की स्वच्छता के प्रति भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नायर नदी के तट पर छात्रों चलाया गया स्वच्छता अभियान रहा।

दिनांक 4 नवम्बर को गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के ऐतिहासिक दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखंड के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल द्वारा क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत जी के अध्यक्षता में पश्चिमी नयार नदी के घाट पर ग्राम प्रधान पाबौ श्री हरेन्द्र कोहली जी, महिला मंगल दल की महिलाओ, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विधिवत रूप से गंगा आरती, दीपोत्सव/दीपदान और गंगा की अविरल स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इसी क्रम में महाविद्यालय के सभागार में छात्रों द्वारा पावन एवं पवित्र नायर नदी की स्वच्छता के प्रति भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेता छात्र–छात्राओं को अतिथियों एवं प्रभारी प्राचार्य द्वारा भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नायर नदी के तट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान रहा। इसके उपरांत मदिर समिति, महिला मंगल दल के सदस्यों, क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा विधिवत रूप से गंगा की अविरल पवित्रता एवं भारतीय संस्कृति की धरोहर को स्वच्छ और पवित्र रखने हेतु पूजा अर्चना , गंगा आरती एवं स्वच्छ्ता के प्रति शपथ ली गई। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा किये जा रहे नवीनतम कार्यों की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार्या डॉ0 रौशनी रावत द्वारा छात्रों को अपने आस पास स्वच्छता बनाये रखने के लिए जागरूक होने की पहल की गयी।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र डॉ0 सुनीता चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 तनुजा रावत , डॉ0 अनिल शाह, डॉ0 सौरभ सिंह , डॉ0 जय प्रकाश पवार, डॉ0 सरिता, कर्मचारीगण श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, महाविद्यालय के छात्र एवं क्षेत्र के व्यापारीगण उपस्थित रहें।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## छात्रों एवं स्टाफ द्वारा पश्चिमी नायर नदी के तटों की साफ – सफाई के फोटोग्राफ्स













नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## अतिथियों एवं प्राध्यापकगण द्वारा गंगा आरती की फोटोग्राफ्स














## अतिथियों एवं प्राध्यापकगण द्वारा गंगा आरती की फोटोग्राफ्स


















अतिथियों एवं प्राध्यापकगण द्वारा गंगा की स्वच्छता के प्रति शपत ग्रहण के फोटोग्राफ्स

कार्यक्रम की न्यूज़ रिपोर्ट

बुलंद वाणी , 4 नवम्बर 2022

राजकीय महाविद्यालय पाबौ में नमामि गंगे कार्यक्रम के

राष्ट्रीय नदी घोषित होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला आयोजित की गई



आज दिनांक 4 नवम्बर 2022 को गंगा नदी को भारत की राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के इस ऐतिहासिक दिवस के उपलक्ष्य में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखंड के तत्वाधान में राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल द्वारा क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति डॉ नरेन्द्र सिंह रावत जी के अध्यक्षता में पश्चिमी नयार नदी के घाट पर ग्राम प्रधान पाबौ श्री हरेन्द्र कोहली जी , महिला मंगल दल की महिलाओ, महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विधिवत रूप से गंगा आरती, दीपोत्सव/दीपदान और गंगा की अविरल स्वच्छता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये|

इसी क्रम में महाविद्यालय के सभागार में छात्रों द्वारा पावन एवं पवित्र नदी नायर की स्वच्छता के प्रति भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेता छात्रों को पुरष्कृत किया गया| कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मुकेश शाह द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत सरकार द्वारा किये जा रहे नवीनतम कार्यों की जानकारी दी गयी| इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्रचार्या डॉ रौशनी रावत द्वारा छात्रों को अपने आस पास स्वच्छता बनाये रखने के लिए जागरूक होने की पहल की गयी|

मीडिया कवरेज

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# "नमामि गंगे" के अंतर्गत उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम




- राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल द्वारा दिनांक 09 नवम्बर 2022 को उत्तराखंड राज्य स्थापना के शुभ अवसर नमामि गंगे के बैनर तले स्वच्छता एवं जन जागरूकता पर संगोष्ठी और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गए।
- कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर अपने–अपने विचारों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया गया।
- कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी प्राचार्य द्वारा छात्रों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई सन्देश प्रेषित किया गया।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल के सभागार में दिनांक 09 नवम्बर 2022 को उत्तराखंड राज्य स्थापना के शुभ अवसर पर भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम नमामि गंगे के बैनर तले स्वच्छता एवं जन जागरूकता पर संगोष्ठी और महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ0 रौशनी रावत  द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 अनिल शाह, डॉ0 सुनीता चौहान एवं डॉ0 सौरभ सिंह द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर अपने– अपने विचारों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा राज्य स्थापना दिवस पर छात्र–छात्राओं को उत्तराखंड राज्य के भौगोलिक, आर्थिक एवं प्राकृतिक संसाधनों के बारे में गहनता से जानकारी देते हुए राज्य के विकास में अपने कर्त्यव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रभारी प्राचार्य द्वारा छात्रों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई सन्देश प्रेषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण द्वारा महाविद्यालय के आस–पास स्वच्छता कार्यक्रम भी सम्पादित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 अनिल शाह, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पवार, डॉ0 सरिता, एवं कर्मचारीगण श्री मुकेश कंडारी, श्री विजयेन्द्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, उपस्थित रहें।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन






महाविद्यालय के प्राध्यापकगण द्वारा स्थापना दिवस पर भाषण की फोटोग्राफ्स







महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम की फोटोग्राफ्स

# "नमामि गंगे" पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम



- राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल द्वारा दिनांक 30 नवम्बर 2022 को "नमामि गंगे" पत्रिका का विमोचन किया गया।
- पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम में नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर सत्यप्रकाश शर्मा, शिक्षक अभिभवाक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मकान सिंह, सदस्यगण, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 रौशनी रावत, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 अनिल शाह एवं नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह उपस्थित रहे।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल के सभागार में दिनांक 30 नवम्बर 2022 को नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर सत्यप्रकाश शर्मा, शिक्षक अभिभवाक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मकान सिंह, सदस्यगण, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ0 रौशनी रावत, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ0 अनिल शाह एवं नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा "नमामि गंगे" पत्रिका का विमोचन किया गया।

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना नमामि गंगे देहरादून के तत्वाधान में महाविद्यालय स्तर पर विगत वर्ष गंगा एवं उसकी सहायक नदियों तथा क्षेत्र की प्रमुख नदी पश्चिमी नायर की  स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जन – जागरूकता के उद्देश्य से नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियाँ जैसे की स्वच्छता जागरूकता रैली, नदी घाट की सफाई, गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई0ई0सी0) गतिविधियों का प्रचार–प्रसार एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा ने नमामि गंगे पत्रिका के प्रकाशन पर भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखण्ड कार्यालय, महाविद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, आस–पास के विद्यालयों के छात्र–छात्राओं और अध्यापकों और महाविद्यालय के  छात्र–छात्राओं को बधाई सन्देश प्रेषित किया तथा अपने संबोधन में कहा कि यह पत्रिका सभी सहयोगियों के भारत सरकार के इस अभियान में प्रतिभाग करने का ही प्रतिफल है और भविष्य में भी इस अभियान को सफल बनाने में सभी सहयोगियों के सहयोग की आवश्कता होगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह ने नमामि गंगे के अंतर्गत सत्र 2021– 22 में संपादित किये गए समस्त कार्यक्रमों की रुपरेखा एवं सत्र 2022–23 की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पवार, डॉ0 सरिता, एवं कर्मचारीगण श्री मुकेश कंडारी, श्री विजयेन्द्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, उपस्थित रहें।







## "नमामि गंगे" पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम की फोटोग्राफ







## कार्यक्रम की मीडिया कवरेज



दैनिक BREAKING NEWS बुलन्द वाणी

Facebook & Youtube Buland Vani News

मजलूमों की आवाज़...

01-दिसम्बर-2022 | Email-dainikbulandvani@gmail.com | M. 9760241521, M. 8923196960

संजय कुमार राजपूत

**राजकीय महाविद्यालय पाबौ में "नमामि गंगे" पत्रिका का किया गया विमोचन।**

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल के सभागार में आज को नवनियुक्त प्राचार्य प्रोफेसर सत्यप्रकाश शर्मा, शिक्षक अभिभवाक संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मकान सिंह, सदस्यगण, वरिश्ठ प्राध्यापक डॉO रौशनी रावत, डॉO तनूजा रावत, डॉO अनिल शाह एवं नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉO मुकेश शाह द्वारा "नमामि गंगे" पत्रिका का विमोचन किया गया. भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय , राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना नमामि गंगे देहरादून के तत्वाधान में महाविद्यालय स्तर पर विगत वर्ष गंगा एवं उसकी सहायक नदियों तथा क्षेत्र की प्रमुख नदी पचिमी नायर की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जनमानस में व्यापक जनजागरूकता के उद्देश्य से नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियाँ स्वच्छता जागरूकता रैली, नदी घाट की सफाई , गंगा आरती, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक तथा सूचना , शिक्षा एवं संचार गतिबिधियो का आयोजन किया गया . इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने आस पास स्वच्छता के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉO मुकेश शाह ने नमामि गंगे के अंतर्गत सत्र 2022– 23 में संपादित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा सबके सामने प्रस्तुत की उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉO सुनीता चौहान, डॉO सौरभ सिंह , डॉO जय प्रकाश पवार, डॉO सरिता, एवं कर्मचारीगण श्री मुकेश कंडारी, श्री विजयेन्द्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, उपस्थित रहें.


विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

# नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला प्रतिगोगिता एवं पर्यावरण चेतना पर संगोष्ठी




- राजकीय महाविद्यालय पाबौ पौडी गढ़वाल द्वारा दिनांक 26 दिसम्ब, 2022 को 'स्पर्श गंगा' थीम के साथ राजकीय महाविद्यालय पाबौ, बालिका इंटर कॉलेज पाबौ, अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के छात्र–छात्राओं, क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ विभिन्न जनजागरूकात कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रमों का शुभारंभ स्वच्छता और पर्यावरण चेतना पर एक संगोष्ठी विषय के साथ अतिथियों और प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ।
- इस अवसर पर महाविद्यालय में स्वच्छ्ता एवं पर्यावरण चेतना पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा दिनांक 26 दिसम्बर, 2022 को राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप, नमामि गंगे, देहरादून के तत्वाधान में महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे और अर्थ गंगा के अन्तर्गत 'स्पर्श गंगा' थीम के साथ विकासखंड पाबौ के नायर नदी के घाट पर राजकीय महाविद्यालय पाबौ, बालिका इंटर कॉलेज पाबौ, अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के छात्र–छात्राओं, क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा खुड़ेस्वरी मंदिर परिसर के आस–पास स्वच्छ्ता एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम, तथा नदी की निर्मलता एवं स्वछता के लिए शपथ कार्यक्रम संचालित किये गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वच्छता और पर्यावरण चेतना पर एक संगोष्टी विषय के साथ अतिथियों और प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ, तथा सभी अतिथियों का स्वागत बैच अलंकरण और शॉल भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं सांसद प्रतिनिधि डॉ0 नरेद्र सिंह रावत द्वारा छात्रों को स्वच्छ जल के महत्व और अवशिष्ट कूड़ा करकट से होने वाले रोगो और बीमारियों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद टम्टा जी द्वारा सरकार के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे

और अर्थ गंगा को सफल बनाने हेतु सभी को सहगामी रूप से इस अभियान में पहल करने पर जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पाबौ श्री गुलाब सिंह बिष्ट जी द्वारा छात्रों को आस– पास की सफाई और पौलिथीन का प्रयोग ना करने के लिए सभी को कड़ाई से पालन करने के लिए सहयोग की बात की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नमामि गंगे, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ० मुकेश शाह द्वारा नमामि गंगे के साथ अर्थ गंगा कार्यक्रम के आर्थिकी, सामाजिक और जन – जागरूकता पहलुओ पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को पर्यावरण संतुलन बनाने हेतु अपने गाँव में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की पहल करने से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण चेतना संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन, जैव – विविधता एवं सतत विकास के मॉडल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं इस अवसर पर महाविद्यायलय के प्रागण में स्वयं से पहल करते हुये  साफ–सफाई और अपशिष्ट सामग्री के निस्तारण का कार्य किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ० सौरभ सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में स्वच्छ्ता एवं पर्यावरण चेतना पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ और राजकीय महाविद्यालय पाबौ के छात्र – छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में राजकीय महाविद्यालय पाबौ के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 गणेश चन्द व डॉ0 जयप्रकाश पंवार असि० प्रो० वाणिज्य व अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ से चित्रकला की सहायक अध्यापक श्रीमती पूनम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नमामि गंगे कार्यक्रम में सह – अध्यक्ष के रूप में श्रीमती तारावती शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० रजनी बाला, डॉ० गणेश चन्द, डॉ० जय प्रकाश पंवार, डॉ० कैलाश चन्द भट्ट एवं डॉ० सरिता तथा श्री मुकेश कंडारी, श्री जयबीर सिंह नेगी, श्री विजेंदर, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह, सोनी और अनुराधा आदि उपस्थित रहे।

## अतिथियों का स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ के चित्र














# अतिथियों का स्वागत बैच अलंकरण एवं शॉल भेट के चित्र














## छात्र– छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते हुए






## कार्यक्रम संयोजक , नोडल अधिकारी, प्राचार्य एवं अतिथियों के संबोधन के चित्र



प्राचार्य– प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा



संयोजक– डॉ0 सौरभ सिंह



नोडल डॉ0 मुकेश शाह



मुख्य अतिथि –
सांसद प्रतिनिधि गढ़वाल डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत

विशिष्ट अतिथि – सदस्य एस0सी0/ एस0टी0 आयोग श्री आर0एस0 टम्टा



विशिष्ट अतिथि–अध्यक्ष , ज़िला सहकारी बैंक पाबौ श्री गुलाब सिंह बिष्ट



# चित्रकला प्रतियोगिता की फोटोग्राफ्स





अटल आदर्श इंटर कॉलेज पाबौ के छात्र–छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए






राजकीय महाविद्यालय पाबौ के छात्र–छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# खुड़ेस्वरी मंदिर परिसर एवं आस-पास स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के चित्र






समस्त स्टाफ द्वारा स्वच्छता की शपथ ग्रहण करते हुए





प्राचार्य- प्रोफे० एस० पी० शर्मा द्वारा सफाई करते हुए





नोडल नमामि गंगे – डॉ० मुकेश शाह द्वारा सफाई करते हुए

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन











महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं कर्मचारीयों द्वारा सफाई अभियान में प्रतिभाग करते हुए





महाविद्यालय के एन0सी0सी0 कैडेट एवं छात्र –
छात्राओं द्वारा साफ – सफाई अभियान में प्रतिभाग करते हुए

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन






अटल आदर्श इ0 का0 पाबौ के छात्रों एवं आध्यपिका द्वारा स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करते हुए





प्राचार्य द्वारा टी0वी0 चैनल को कार्यक्रम की बाइट्स देते हुए

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# कार्यक्रम की कुछ समाचार पत्रों की कटिंग



देवपथ | उत्तराखण्ड | देहरादून, सोमवार 26 दिसम्बर 2022

नगरपालिका क्षेत्र के रावलनगर में पांडव नृत्य आयोजन को लेकर हुई बैठक, 31 दिसंबर से शुरू होगी पांडव लीला

अनुश्रुति विद्यालय में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया

ग्राहक अब आधार का प्रयोग कर पीएनबी वन ( मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन ) में पंजीकरण करा सकते हैं

वीर बाल दिवस पर आज जिले के विद्यालयों में हुई निबंध प्रतियोगिता

डॉ. मीरानंद बरठाकुर द्वारा सत्रिया शास्त्रीय नृत्य ने दूनवासियों को किया मंत्रमुग्ध

लोकगीतों से सजी मायादार एलबम का हुआ लोकार्पण

नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्वच्छता और पर्यावरण चेतना विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

ई रिक्शा चालकों की समस्याओं का निवारण होगा: संजय गुप्ता

वर्धित त्यागी द्वारा नई परंपरा का श्रीगणेश



दैनिक बुलन्द वाणी

मजलूमों की आवाज़...

27-दिसम्बर-2022

संजय कुमार राजपूत

## गंगा की स्वच्छता एवं अविरलता में प्रत्येक नागरिक को अपना सहयोग देना होगा: डॉ० सत्य प्रकाश शर्मा

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। राजकीय महाविद्यालय पाबौ द्वारा आज दिनांक भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय गंगा स्वच्छ मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे, देहरादून के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे और अर्थ गंगा के अंतर्गत स्पर्श गंगा थीम के साथ विकासखंड पाबौ के नायर नदी के घाट पर राजकीय महाविद्यालय पाबौ , बालिका इंटर कॉलेज पाबौ , अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के छात्रो द्वारा तथा क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा खुड़ेस्वरी मंदिर परिसर के आस – पास स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम, तथा नदी की निर्मलता एवं स्वछता के लिए शपथ ली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वछता और पर्यावरण चेतना पर एक संगोष्टी विषय के साथ अतिथियों और प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन , सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ हुआ, तथा सभी अतिथियों का स्वागत बेच अलंकरण और शौल भेट कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं सांसद प्रतिनिधि डॉ० नरेंद्र सिंह रावत द्वारा छात्रों को स्वच्छ जल के महत्व और अवशिष्ट कूड़ा करकट से होने वाले रोगो और बीमारियों के बारे में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद टम्टा जी द्वारा सरकार के इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे और अर्थ गंगा को सफल बनाने हेतु सहगामी रूप से पहल करने पर जोर दिया गया। विशिष्ट अतिथि, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पाबौ श्री गुलाब सिंह बिष्ट जी द्वारा छात्रों को आस- पास की सफाई और पौलिथीन का प्रयोग ना करने के लिए सभी को कड़ाई से पालन करने के लिए सहयोग की बात की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नमामि गंगे, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ० मुकेश शाह द्वारा नमामि गंगे के साथ अर्थ गंगा कार्यक्रम के आर्थिकी , सामाजिक और जन – जागरूकता पहलुओ पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को पर्यावरण संतुलन बनाने हेतु अपने गाँव में स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की पहल करने से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा स्वच्छता और पर्यावरण चेतना संगोष्टी में जलवायु परिवर्तन, जैव – विविधता एवं सतत विकास के मॉडल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं इस अवसर पर महाविद्यायलय के प्रागण में स्वयं से पहल करते हुये साफ-सफाई और अपशिस्ट सामग्री के निष्तारण का कार्य किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय के शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ० सौरभ सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में स्वच्छता एवं पर्यावरण चेतना पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ और राजकीय महाविद्यालय पाबौ के छात्र – छात्राओं ने प्रतिभाग किया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में राजकीय महाविद्यालय पाबौ के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ० गणेश चन्द व डॉ० जयप्रकाश पंवार असि०प्रोफ० वाणिज्य व अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ से चित्रकला की सहायक अध्यापक श्रीमती पूनम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नमामि गंगे कार्यक्रम में सह – अध्यक्ष के रूप मे श्रीमती तारावती शर्मा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० रजनी बाला , डॉ० गणेश चन्द , डॉ० जय प्रकाश पंवार , डॉ० कैलाश चन्द भट्ट और डॉ० सरिता तथा श्री मुकेश कंडारी, श्री जयबीर सिंह नेगी, श्री विर्जेदर, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह, सोनी और अनुराधा आदि उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960



गढ़वाल | amarujala.com

27-12-2022

## नयार नदी के तट पर स्वच्छता अभियान चलाया

पौड़ी। पाबौ में महाविद्यालय प्रशासन की ओर से नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्वच्छता एवं कूड़ा निस्तारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने नयार नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाया।

ब्लाक मुख्यालय पाबौ के खुडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नयार नदी तट पर कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह रावत ने किया। उन्होंने कहा कि जीव जगत की जीवन सुरक्षा के लिए स्वच्छ जल सबसे महत्वपूर्ण है लेकिन मानव जल को सबसे ज्यादा प्रदूषित कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद टम्टा, सहकारी समिति पाबौ के अध्यक्ष गुलाब सिंह बिष्ट ने अपने घर, आसपास के परिवेश को स्वच्छ बनाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र डा. मुकेश शाह, प्राचार्य डा. सत्य प्रकाश शर्मा ने विचार रखे। संवाद

# नमामि गंगे के योग महोत्सव के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन



- 1 से 7 मार्च 2023 तक होने वाले अन्तराष्ट्रीय योग महोत्सव के शुभ–अवसर पर दिनांक 2 मार्च 2023 से दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया।

  कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्रों एवं प्राध्यापकों को योग की विभिन्न मुद्राएं, योग आसन, प्राणायाम एवं योग कलाओं के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल में 1 से 7 मार्च 2023 तक होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के शुभ–अवसर पर राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार व राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखंड एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई0क्यू0ए0सी0) के सयुक्त तत्वाधान में दिनांक 2 मार्च 2023 से दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ0 रजनी बाला, नमामि गंगे कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह, मुख्य अतिथि श्री मनोहर बिष्ट, पत्रकार अमर उजाला, डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत (एम0 डी0) एवं सांसद प्रतिनिधि पौडी गढ़वाल, श्री विक्रम रावत पत्रकार सरहद का साक्षी, रेखा नेगी पत्रकार पहाड़ की वाणी, श्री हरेन्द्र कोहली ग्राम प्रधान पाबौ द्वारा दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का बैज अलंकरण और शाल भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों द्वारा स्वच्छता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता/प्रशिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज जगतेस्वर के योगा शिक्षक श्री सुनील पन्त द्वारा महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्रों

एवं प्राध्यापकों को योग की विभिन्न मुद्राएं, योग आसन, प्राणायाम एवं योग कलाओं के बारे में जानकारी देते हुए अभ्यास कराया गया तथा अपने सम्बोधन में योग के प्राचीन काल से आधुनिक काल तक विकास क्रम और मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान के बारे में अवगत किया गया।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत योग महोत्सव के अवसर पर छात्रों को योग के शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं आत्मिक पहलुओं की जानकारी से अवगत कराया गया तथा अपने भाषण में भारत सरकार द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत योग महोत्सव पर वसुधैव कुटम्बकम अर्थात् एक धरती एक परिवार के थीम पर योग के अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति बढने के बारे में भी जानकारी से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान पाबौ श्री हरेन्द्र कोहली ने महाविद्यालय के इस प्रयास में भविष्य में अपना पूर्ण सहयोग देने के साथ– साथ छात्रों को नियमित अपने जीवन में शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग करने  सलाह दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विकासखंड पाबौ के सम्मानित डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत ने छात्रों को योग और चिकित्सा के समावेशी महत्वा पर प्रकाश डालते हुए योग के मनुष्य जीवन में अहम् भूमिका  के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंचासीन अन्य विशिष्ट अतिथि श्री विक्रम रावत पत्रकार, सरहद का साक्षी, रेखा नेगी पत्रकार, पहाड़ की वाणी, द्वारा अपने सम्बोधन में जीवन में भाग दौड़ वाली व्यस्त जीवन में योग और ध्यान के सकारात्मक पहुलओं पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पत्रकार, अमर उजाला श्री मनोहर बिष्ट द्वारा भी योग महोत्सव के शुभ –अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों को योग के साथ–साथ पत्रकारिता के संदर्भ में महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रभारी प्राचार्य डॉ0 रजनी बाला द्वारा योग महोत्सव पर सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए समस्त छात्रों को नियमित जीवन में शिक्षा ग्रहण करने के साथ–साथ योग और ध्यान पर भी अपना समय देकर मानसिक रूप से संतुलित रखने हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की असि0 प्रोफे0 डॉ तनूजा रावत द्वारा योग के साथ एंटी ड्रग्स पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रही महाविद्यालय की असि0 प्रोफे0 डॉ0 सुनीता चौहान द्वारा भी छात्रों को योग की व्यावहारिक और आध्यात्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चन्द, डॉ0 अनिल शाह, डॉ जय प्रकाश पवार, डॉ0 कैलाश चन्द भट्ट, श्री मुकेश कंडारी , श्री नेगी जी, श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, महाविद्यालय के छात्र, क्षेत्र के व्यापारीगण एवं अटल आदर्श इंटर कॉलेज के आध्यापक भी उपस्थित रहें।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन











प्रभारी प्राचार्य, अतिथिगण एवं नोडल दीप–प्रज्ज्वलन कर
कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए







अतिथियों का बैच अलंकरण एवं शॉल भेंट करते हुए

## अतिथियों का बैच अलंकरण एवं शॉल भेंट करते हुए


















नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन







अतिथिगण, प्राभारी प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी संबोधन करते हुये







महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए







योग प्रशिक्षक सुनील पन्त द्वारा छात्रों को योगासन कराते हुए

# गंगा स्वच्छता पखवाडा (16 से 31 मार्च, 2023)




- दिनांक 16 से 31 मार्च 2023 तक आयोजित किये जा रहें गंगा स्वच्छता पखवाडा के अंतगर्त राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2023 को 'स्वच्छता एवं पर्यावरण सरंक्षण' की थीम पर कार्यक्रमों की विभिन्न श्रृंखलायें आयोजित की गई।
- कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्यप्रकाश शर्मा जी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर किया गया।
- कार्यक्रम के तहत् ग्राम सिमखेत में ग्राम पंचायत भवन में पर्यावरण सरंक्षण एवं स्वच्छता की पृष्ठभूमि पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखंड के तत्वाधान में 16 से 31 मार्च 2023 तक स्वच्छता पखवाडा के अंतगर्त राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल में दिनांक 20 मार्च 2023 को 'स्वच्छता एवं पर्यावरण सरंक्षण' की थीम पर कार्यक्रम की विभिन्न श्रृंखलायें आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्यप्रकाश शर्मा जी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर किया गया, जिसका मुख्य उदेश्य जन–समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, पॉलिथीन का निस्तारण करना एवं नदी के तटों को साफ सुथरा रखना। रैली का महाविद्यालय के प्रांगण से प्रारम्भ होकर ग्राम सिमखेत तक गयी जिसमे महाविद्यालय की छात्र– छात्रएं कु0 रचना, मनोज, शिवानी, रचना, किरन, काजल, कोमल एवं कु0 स्नेहा के कुशल संचालन में सभी छात्रों द्वारा गंगा स्वच्छता, साफ – सफाई, पर्यावरण सरंक्षण एवं वृक्षारोपण से सम्बन्धित स्लोगन के माध्यम से जन–जागरूकता का प्रसार किया गया। इस कार्यक्रम में सिमखेत के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान श्रीमती रश्मि देवी के सहयोग से सभी ग्रामवासियों एवं जन– प्रतिनिधियों के साथ अपने आस–पास स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली गई तथा साथ ही ग्राम सिमखेत में पर्यावरण को

स्वच्छ रखने, नदी तटों में मैला कचरा नहीं डालने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

इसी कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्रों द्वारा पाबौ बाज़ार से ग्राम सिमखेत तक साफ सफाई एवं स्वच्छता के प्रति स्वच्छता रैली के माध्यम से जन– जागरूकता अभियान भी चलाया गया जिसमे सभी ने बढ़– चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा उपस्थित क्षेत्रवासियों एवं छात्रों को जूट बैग, नमामि गंगे टी0 शर्ट एवं कैप वितरित की गई।

ग्राम पंचायत भवन में प्राचार्य प्रो0 सत्यप्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री आर0 एस0 टम्टा जी, विशिष्ट अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्रीं गुलाब बिष्ट, शिक्षक – अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह , समाजसेवी ग्राम सभा पाबौ, श्री दिगम्बर दत्त डोभाल एवं ग्राम प्रधान श्रीमति रश्मि देवी के सहयोग से पर्यावरण सरंक्षण एवं स्वच्छता की पृष्ठभूमि पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे सभी अतिथियों द्वारा हिमालय सरक्षण एवं स्वच्छ भारत मिशन के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं एवं महिला मंगल दल की सदस्यों द्वारा लोक पर्व एवं संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतिकरण किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 सत्यप्रकाश शर्मा जी द्वारा क्षेत्रवासियों एवं छात्रों को ज्वलंत समस्या जैसे जलवायु परिवर्तन, आपदा एवं जल संकट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई साथ ही सभी से स्वच्छता को अपने जीवन में कर्तव्यनिष्ठा से निभाने की अपील की। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा क्षेत्रवासियों को भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम नमामि गंगे के बारे में महत्वपूर्ण कार्यो के बारे में अवगत कराया गया तथा स्वच्छ जीवन स्वच्छ भारत के इस अभियान में अपनी जिम्मेदारी का पालन करने की भी अपील की।

उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत गंगा स्वच्छता पखवाडा में विभिन कार्यक्रमों की गतिविधियो का सफल संचालन किया गया तथा अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे कार्यक्रम का समापन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चन्द, डॉ0 तनूजा रावत, डॉ अनिल शाह, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पवार, शिक्षक– अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री मकान सिंह, श्री मुकेश कंडारी, श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, महाविद्यालय के छात्र, क्षेत्र के व्यापारीगण भी उपस्थित रहें।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## प्राचार्य, नोडल, प्राध्यापकों एवं अतिथिगण द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारम्भ हेतु हरी झंडी देकर रवाना करते हुए


















सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## प्राचार्य, नोडल, प्राध्यापकों एवम् अतिथिगण द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली का शुभारम्भ हेतु हरी झंडी देकर रवाना करते हुए



















## ग्राम सिमखेत, पाबौ में स्वच्छता एवम् पर्यावरण चेतना पर संगोष्ठी करते हुये

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## ग्राम सिमखेत, पाबौ में स्वच्छता एवं पर्यावरण चेतना पर संगोष्ठी करते हुये















नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन






ग्राम सिमखेत में ग्रामवासियों, महाविद्यालय के स्टाफ एवम् छात्र– छात्राओं द्वारा स्वच्छता के प्रति शपथ लेते हुए





ग्राम सिमखेत की महिला मंगल दल की सदस्यों द्वारा लोक–पर्व पर अपनी प्रस्तुति देते हुए





कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता को बनाये रखने हेतु नमामि गंगे की टी0 शर्ट, कैप एवं जूट बैग वितरित करते हुए

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

## ग्राम सिमखेत में अतिथियों, ग्रामवासियों, महाविद्यालय के स्टाफ एवम् छात्र– छात्राओं द्वारा स्वच्छता के प्रति कर्तव्यनिष्ठा के लिए हस्ताक्षर करते हुए

















सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन

# मीडिया कवरेज

## रैली निकाल कर किया स्वच्छता के प्रति जागरूक

**पौड़ी।** राजकीय महाविद्यालय पाबौ में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की थीम पर जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने स्लोगन के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

सोमवार को आयोजित रैली को प्राचार्य प्रो. सत्यप्रकाश शर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना किया। सिमखेत की ग्राम प्रधान रश्मि देवी ने पंचायत

### पाबौ महाविद्यालय के प्राचार्य ने की रैली रवाना

भवन में ग्रामवासियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष पौड़ी आरएस टम्टा, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह, प्राध्यापक डॉ. रजनी बाला, गुलाब सिंह, मकान सिंह, दिगंबर दत्त डोभाल, डॉ. गणेश चंद, डॉ. तनुजा मौजूद थे। संवाद

दि० - 22/03/2023, अमर उजाला

## राजकीय महाविद्यालय पाबौ मे आयोजित किया गया स्वच्छता पखवाडा



**पौड़ी गढ़वाल ( नि०स० )।** भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप नमामि गंगे उत्तराखंड के तत्वाधान में 16 से 31 मार्च 2023 तक होने वाले स्वच्छता पखवाडा के अंतगर्त राजकीय महाविद्यालय पाबौ, पौडी गढ़वाल में आज दिनांक 20.03.2023 को स्वच्छता एवं पर्यावरण सरंक्षण की थीम पर कार्यक्रम की विभिन्न श्रंखलायें आयोजित की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्यप्रकाश शर्मा जी द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली को हरी झंडी देकर किया गया, जिसका मुख्य उदेश्य जन- समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, पोलिथीन का निस्तारण करना एवं नदी के तटों को साफ सुथरा रखना । रैली का आरम्भ महाविद्यालय के प्रांगण से ग्राम सिमखेत तक किया गया जिसमे महाविद्यालय छात्र कु0 रचना , मनोज एवं कु0 स्नेहा के कुशल संचालन में सभी छात्रों द्वारा गंगा स्वच्छता, साफ - सफाई, पर्यावरण सरंक्षण एवं वृक्षारोपण से संबंधित स्लोगन के माध्यम से जन – जागरूकता का प्रसार किया गया । इस कार्यक्रम में सिमखेत के पंचायत भवन में ग्राम प्रधान श्रीमती रश्मि देवी के सहयोग से सभी ग्रामवासियों एवं जन- प्रतिनिधियों के साथ अपने आस–पास स्वच्छता बनाये रखने की शपत ली गई तथा साथ ही ग्राम सिमखेत में पर्यावरण को स्वच्छ रखने, नदी तटों में मैला

# जी–20 के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय पौड़ी गढ़वाल में वसुधैव कुटुम्बकम् (पृथ्वी ही परिवार है) की थीम पर चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन




- राजकीय महाविद्यालय महाविद्यालय पौड़ी, गढ़वाल के सभागार में दिनांक 15 मई 2023 को महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में वसुधैव कुटुम्बकम (पृथ्वी ही परिवार है) की थीम पर चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया
- चित्रकला प्रतियोगिता के मुख्य उपविषय जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, स्वच्छता, नदी घाटों की साफ–सफाई एवं जल स्रोतों के पुनरुद्धार इत्यादि रहे।

राजकीय महाविद्यालय महाविद्यालय पौड़ी, गढ़वाल के सभागार में दिनांक 15 मई 2023 को भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना नमामि गंगे के तत्वाधान मे जी–20 के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में वसुधैव कुटुम्बकम (पृथ्वी ही परिवार है) की थीम पर चित्रकला एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के मुख्य उपविषय जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, स्वच्छता, नदी घाटों की साफ–सफाई एवं जल स्रोतों के पुनरुद्धार इत्यादि विषयों पर महाविद्यालय के निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा प्रथम चार विजित छात्र–छात्राओं का चयन किया गया, जिसमे सात्वना पुरस्कार में बी० ए० तृतीय वर्ष कु० रचना , तृतीय स्थान पर बी०ए० प्रथम सेमेस्टर कुछ साक्षी, द्वितीय स्थान पर बी० कॉम द्वितीय वर्ष सानिया एवं प्रथम स्थान बी० ए० तृतीय वर्ष कु० काजल को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में आयोजित द्वितीय प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता का मुख्य शीर्षक वसुधैव कुटुम्बकम (पृथ्वी ही एक परिवार है) के अन्तर्गत महाविद्यालय के निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा सांत्वना पुरस्कार बी०ए० द्वितीय वर्ष कु० करिश्मा रावत, तृतीय स्थान पर बी० ए० कु० काजल, द्वितीय स्थान बी० ए० द्वितीय वर्ष साक्षी

ढौंडियाल एवं प्रथम स्थान बी० ए० तृतीय वर्ष कु० निकिता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जी–20 एवं नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर छात्रों को पुरस्कृत किया गया तथा साथ ही अपने सम्बोधन मे वसुधैव कुटुम्बकम् (पृथ्वी ही परिवार है) एवं जी–20 के विषय एवं उपविषय के बारे में जानकारी से अवगत कराया गया ।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ० रजनी बाला , डॉ० गणेश चंद , डॉ० तनुजा रावत , डॉ० अनिल शाह , डॉ० मुकेश शाह , डॉ० सुनीता चौहान , डॉ० जयप्रकाश पँवार एवं डॉ० कैलाश चंद भट्ट , तथा कर्मचारीगण में कनिष्ठ सहायक श्री मुकेश कंडारी , श्री विजेन्द्र बिष्ट श्रीमती सोनी देवी, एवं अनुराधा उपस्थित रहे ।

नमामि गंगे

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन





कार्यक्रम का आरंभ करते हुए महाविधालय के प्राचार्य एवं नोडल







महाविद्यालय के छात्रों द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए







विजेता छात्रों को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा पुरुस्कृत करते हुए

सत्यमेव जयते

उत्तराखण्ड शासन









## विजेता छात्रों को प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा पुरुस्कृत करते हुए



अमर उजाला, 16 मई

# चित्रकला में काजल और निबंध में निकिता रहीं प्रथम

### राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई प्रतियोगिता

संवाद न्यूज एजेंसी

**पाबौ में वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर किया गया था आयोजन**

पौड़ी। राजकीय महाविद्यालय पाबौ में वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में काजल व निबंध में निकिता प्रथम रहीं।

सोमवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा ने किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं से कहा कि प्रथ्वी एक परिवार है, हमें प्रथ्वी को जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिए कार्य करने की जरूरत है।

इस दौरान जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, स्वच्छता, नदी के घाटों की साफ-सफाई एवं जल स्रोतों के पुनरुद्धार आदि विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्रा काजल प्रथम पर स्थान पर रही। जबकि सानिया द्वितीय व साक्षी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार रचना को मिला। निबंध प्रतियोगिता में निकिता प्रथम, साक्षी ढौंडियाल द्वितीय व काजल तृतीय रहीं।

जबकि करिश्मा रावत को सांत्वना पुरस्कार मिला। कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश शाह ने किया। इस दौरान विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डॉ. रजनी बाला, डॉ. गणेश चन्द, डॉ. तनुजा रावत, डॉ. अनिल शाह, डॉ. डॉ. सुनीता चौहान आदि मौजूद रहे।

## मीडिया कवरेज



RNI: UP HIN 2016/71045

REG. BY MINISTRY OF INFORMATION & BROADCASTING

दैनिक बुलन्द वाणी

मज़लूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

11-अप्रैल-2023 संजय कुमार राजपूत

# G-20 के उपलक्ष्य में जलवायु परिवर्तन पर संगोष्ठी।

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में G-20 की अध्यक्षता के सुअवसर पर आज राजकीय महाविद्यालय पाबौ के सभागार में G-20 थीम वसुधैव कुटुम्बकम् (एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य) पर जलवायु परिवर्तन जैसे ज्वलंत समस्या पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कला एवं वाणिज्य संकाय के समस्त प्राध्यापको द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं G-20 की महत्व पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ0 मुकेश शाह द्वारा सर्वप्रथम G-20 के आर्थिक एवं ऐतिहासिक बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुये मुख्य विषय जलवायु परिवर्तन पर सभी छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सौरभ सिंह द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण एवं प्रभावों पर विस्तृत एवं गहनता से जानकारी प्रदान की गई, तथा हरित गृह गैसों ( कार्बन डाई आक्साइड , मीथेन , क्लोरो-फ्लोरो ) के उत्सर्जन एवं प्रभावों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में राजनीति शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ0 सुनीता चौहान द्वारा जलवायु परिवर्तन से मानवीय एवं प्राकृतिक प्रभावों एवं उसके रोकथाम पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 अनिल शाह द्वारा जलवायु परिवर्तन के एतिहासिक पृष्ठभूमि पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 तनुजा रावत द्वारा G20 के सन्दर्भ में शैक्षणिक संस्थायो में किये जा रहे सम्मेलनों एवं कार्यक्रमों के उदेश्यों के बारे में जानकारी देते हुये स्वमं को जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गणेश चन्द द्वारा G20 थीम एवं जलवायु परिवर्तन के रोकथाम हेतु नवीनतम तकनीकों के उपयोग पर अपने विचार प्रस्तुत किये गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी द्वारा G20 एवं जलवायु परिवर्तन की मूल उद्देश्यों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए अपने दैनिक जीवन में इसके प्रभावों की रोकथाम के लिए वृक्षारोपण, स्वच्छता, प्लास्टिक निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु प्रोत्साहित कर एक श्रेष्ठ एवं स्वस्थ भारत की नीव रखने की पहल की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 रजनी बाला, डॉ0 गणेश चन्द, डॉ0 तनुजा रावत, डॉ अनिल शाह, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 सौरभ सिंह, डॉ0 जय प्रकाश पवार, श्री मुकेश कंडारी, श्री विजेंद्र, श्रीमती सोनी, अनुराधा, महाविद्यालय के छात्र- छात्राये भी उपस्थित रहें।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें
राष्ट्रीय:- +919760241521, उत्तराखंड : 8923196960

## राजकीय महाविद्यालय पाबौ में मनाया गया धूमधाम से अन्तराष्ट्रीय योग दिवस




- राजकीय महाविद्यालय पाबौ के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी की अध्यक्षता में दिनांक 21 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तत्वाधान में अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम के अतिथियों द्वारा सभी सदस्यों को योग को अपने जीवन में रोजमर्रा के कार्यों सम्मिलित किये जाने पर जोर दिया गया।

राजकीय महाविद्यालय पाबौ के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी की अध्यक्षता में दिनांक 21 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तत्वाधान में अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के प्रांगण में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित ग्राम प्रधान पाबौ श्री हरेन्द्र कोहली, सम्मानित सांसद प्रतिनिधि डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत, व्यापारीगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र– छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक आरती सागर द्वारा योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, आत्म– अनुशासन, धारण , ध्यान आदि मुद्राओं के बारे में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अतिथि ग्राम प्रधान श्री कोहली द्वारा योग दिवस पर उपस्थित सभी सदस्यों को योग को अपने जीवन में रोजमर्रा के कार्यो के साथ–साथ समय देते हुयें अपनाने की अपील की गयी। सम्मानित अतिथि डॉ0 रावत जी द्वारा भी सभी सदस्यों को योग के स्वास्थ्य से संबधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 शर्मा जी द्वारा बताया गया कि योग एक आध्यात्मिक पहलू है, जिसमे शरीर और आत्मा एकरूप होते हैं जोकि मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाता है। अतः स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए योग करना अनिवार्य है।

कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा करते हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रेषित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चन्द्र, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, कर्मचारी श्री मुकेश कंडारी, श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र बिष्ट, सोनी देवी, अनुराधा एवं पाबौ क्षेत्र व्यापारीगण, अधिकारीगण,









योग दिवस पर योग प्रशिक्षक आरती सागर द्वारा महाविद्यालय के स्टाफ, स्थानीय सदस्यों एवं क्रमचारियों को योग का अभ्यास करते हुए



मीडिया कवरेज



बुलन्द वाणी

मजलूमों की आवाज....

NATIONAL HINDI NEWS WEB PORTAL

21-जून-2023 संजय कुमार राजपूत

## राजकीय महाविद्यालय पाबौ में मनाया गया अन्तराष्ट्रीय योग दिवस

पौड़ी गढ़वाल, पाबौ। राजकीय महाविद्यालय पाबौ के प्राचार्य प्रोफे0 सत्य प्रकाश शर्मा जी की अध्यक्षता में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे कार्यक्रम के तत्वाधान में आज अटल आदर्श उत्कृष्ट इंटर कॉलेज पाबौ के प्रांगण में सम्मानित क्षेत्र के ग्राम प्रधान पाबौ श्री हरेन्द्र कोहली, सम्मानित सांसद प्रतिनिधि डॉ0 नरेन्द्र सिंह रावत, व्यापारीगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण, महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक आरती सागर द्वारा योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम, आत्म-अनुशासन, धारण, ध्यान आदि मुद्राओं के बारे में योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अतिथि ग्राम प्रधान श्री कोहली द्वारा योग दिवस पर उपस्थित सभी सदस्यों को योग को अपने जीवन में रोजमर्रा के कार्यों के साथ-साथ समय देते हुये अपनाने की अपील की गयी। सम्मानित अतिथि डॉ0 रावत जी द्वारा भी सभी सदस्यों को योग के स्वास्थ्य से संबधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी से अवगत कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे0 शर्मा जी द्वारा बताया गया कि योग एक आध्यात्मिक पहलू है जिसमे शरीर और आत्मा एकरूप होते हें जोकि मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से समृद्ध बनाता है। अतः स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन के लिए योग करना अनिवार्य है। कार्यक्रम का संचालन नमामि गंगे के नोडल डॉ0 मुकेश शाह द्वारा करते हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद प्रेषित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 गणेश चन्द्र, डॉ0 सुनीता चौहान, डॉ0 जय प्रकाश पंवार, कर्मचारी श्री मुकेश कंडारी, श्री महेश सिंह, श्री विजेंद्र बिष्ट, सोनी देवी, अनुराधा एवं पाबौ क्षेत्र व्यापारीगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं महाविद्यालय के छात्र- छात्रायें उपस्थित रहे।

विज्ञापन, समाचार, लेख, कहानी आदि प्रकाशित कराने के लिए

सम्पर्क करें